MAY 2022 **U/ID 30678/ULE1A**

Time : Three hours Maximum : 75 marks

SECTION A — ($10 \times 2 = 20$ marks)

किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 50 शब्दों में हों।

1. दमड़ी का परिचय दीजिए।

2. अच्छी सोसाइटी में रहने से लाभ क्या होता है?

3. स्वामी विवेकानन्द की दृष्टि में नास्तिक कौन हैं?

4. अनाज़ को कीडों से मुक्त कैसे किया जा सकता है?

5. 'योग्यता और व्यवसाय का चुनाव' पाठ का उद्देश्य क्या है?

6. व्यापारिक पत्रों की भाषा कैसी होनी चाहिए।

7. आदेश पत्र से तात्पर्य क्या है?

8. सूचना पत्र कब लिखा जाता है?

9. किन्हीं चार के हिन्दी रूप लिखिए।

Ministry of Finance, University Grants Commission, Public Relation Officer, Extra Curricular Activities, Hindi Department, Orientation.

10. किन्हीं चार के अंग्रेजी रूप लिखिए।

भविष्य निधि, आचंलिक कार्यालय, बहुमत, भारी उद्योग, संवाददाता, निदेशक मंडल।

11. किन्हीं दो के हिन्दी रूप लिखिए।

Confidential Record, Draft for Approval, Appear for Interview.

12. किन्हीं दो के अंग्रेजी रूप लिखिए।

संशय की दशा में, अनुमोदनार्थ, पदेन।

SECTION B — ($5 \times 5 = 25$ marks)

किन्हीं तीन की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

13. आप बुरे से बुरा काम करें लेकिन अगर आप उसपर पर्दा डाल सकते हैं, तो आप सभ्य हैं, जेण्टिलमैन हैं।

14. कुसंग केवल नीति और सद्व्यवहार का नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि का भी क्षय कर देता है।

15. कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि प्याज आलू, समुद्र से प्राप्त खाद्य पदार्थों तथा मसालों के अर्थ-व्यापारिक स्तर पर किरणीयन संबंधी संभाव्यता अध्ययन के लिए मंच अब तैयार हैं।

16. अब मुझे साफ-साफ मालूम हो रहा है कि मेरा पूर्व जीवन बहुत ही उत्तम और सुखपूर्ण था। जितना ही अधिक काम करना पड़ता था, उतना ही अधिक सुख मिलता था।

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

17. कार्यालय के प्रकारों को लिखिए।

18. सरकारी पत्र के स्वरूप को बताइए।

19. कार्यालय आदेश कब और कैसे लिखा जाता है?

SECTION C — ($3 \times 10 = 30$ marks)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 500 शब्दों में हों।

20. निबंध तत्वों के आधार पर मित्रता निबंध की समीक्षा कीजिए।

अथवा

21. परमाणु ऊर्जा के द्वारा खाद्य पदार्थों का संरक्षण कैसे किया जा सकता है?

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ($2 \times 10 = 20$)

22. आपके महाविद्यालय के द्वारा आयोजित दक्षिण भारत की विहार यात्रा का वर्णन करते हुए अपने मित्र के नाम एक पत्र लिखिए।

23. आपके आवास का पता बदलने की जानकारी देते हुए डाक के मुख्य अधिकारी के नाम एक पत्र लिखिए।

24. सर्वेक्षक की नियुक्ति हेतु नाम प्रस्तावित करने का आग्रह करते हुए उद्योग मंत्रालय, तमिलनाडु के द्वारा सचिव, शारदा विश्वविद्यालय, चैन्नै के नाम एक अर्द्ध सरकारी पत्र लिखिए।
